समाचार

# सुदूर बस्ती कपाटमुड़ा पहुंचे आयुक्त, आमजन से हुए रूबरू, ली समस्याओं की जानकारी, निराकरण के दिए निर्देश

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय बाईप पर सवार होकर अधिकारियों की टीम के साथ सर्वमंगला नगर जोन के वैशाली नगर, विकासनगर, आनंद नगर, भैरोताल, भक्तूदफाई, कपाटमुड़ा आदि बस्तियों का किया दौरा )

## (कपाट मुड़ा व भैरोताल में जिला खनिज न्यास मद से बन रहे शाला भवनों की कार्य प्रगति का किया निरीक्षण , समय सीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश)



आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय ने आज बाइक पर सवार होकर अधिकारियों की टीम के साथ नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगला नगर जोन की वैशाली नगर , विकास नगर, आनंद नगर , भक्तु दफाई, भैरोताल, कपाट मुड़ा आदि बस्तियों का दौरा किया , उन्होंने वहां की समस्याओं का जायजा लिया , बस्ती के लोगों से मुलाकात की , उनकी समस्याओं व आवश्यकताओ की जानकारी ली एवं निगम कार्यों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए । सर्व मंगला नगर जोन की सुदूर बस्ती कपाट मुड़ा में जिला खनिज न्यास मद से प्राथमिक शाला भवन का निर्माण 13 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निगम द्वारा किया जा रहा है , इसी प्रकार भैरोताल बस्ती में भी जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 50 हजार रुपए की लागत से माध्यमिक शाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है । आयुक्त श्री पांडेय ने उक्त दोनों निर्माण कार्यों का स्थल पर पहुंचकर

निरीक्षण किया , कार्यों की गुणवत्ता व कार्य प्रगति का अवलोकन किया एवं कार्य प्रगति में और अधिक तेजी लाने , कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने तथा समय सीमा में कार्य पूरा कराए जाने के निर्देश निगम के संबंधित अभियंताओं व निर्माण कार्य एजेंसी को दिए । इस मौके पर वार्ड क्रमांक 64 की पार्षद आरती लखन सिंह व वार्ड क्रमांक 65 के पार्षद प्रेम कुमार साहू ने अपने–अपने वार्ड की विकास परक आवश्यकताओं व समस्याओं से आयुक्त श्री पांडेय को अवगत कराया , जिस पर उन्होंने समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

**निजी भूखंड पर कचरा डंप, नोटिस व अर्थ दंड के दिए निर्देश–** आनंद नगर मुख्य मार्ग के किनारे बालाजी दुकान के सामने सड़क के दूसरी ओर स्थित रिक्त भूखंड पर काफी मात्रा में कचरा डंप किया गया है एवं गंदगी फैलाई गई है। आयुक्त श्री पांडेय ने इस पर कार्रवाई करते हुए भूखंड मालिक को नोटिस देने व गंदगी फैलाने पर 5000 रुपये का अर्थ दंड आरोपित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**एस एल आर एम सेंटर का निरीक्षण –** इस मौके पर आयुक्त श्री पांडेय ने निगम के वैशाली नगर एस एल आर एम सेंटर का निरीक्षण किया , उन्होंने डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण कर केंद्र में लाये गए अपशिष्ट के प्रबंधन , सूखा व गीला कचरा के पृथकीकरण एवं केंद्र की विविध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया । केंद्र में स्थापित इंसीनेटर तथा इसके माध्यम से ऐसे अपशिष्ट, जो सड़ते गलते नहीं है एवं जिनका रीयूज, रीसायकल नहीं हो सकता , उस अपशिष्ट के समापन की प्रक्रिया को देखा, उन्होंने केंद्र की साफ सफाई, वहां के ब्यूटीफिकेशन एवं केंद्र की व्यवस्थाओं की दुरुस्तगी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए । आयुक्त श्री पांडेय ने केंद्र में अपशिष्ट से तैयार की जा रही खाद की बिक्री करने एवं खाद निर्माण की प्रक्रिया सतत रूप से जारी रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**जोन कार्यालय का किया निरीक्षण–** आयुक्त श्री पांडे ने सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय का भी निरीक्षण किया एवं जोन कार्यालय की व्यवस्थाओं, संधारित दस्तावेजों , पंजियों, रजिस्टरों आदि का निरीक्षण करते हुए जोन कार्यालय की साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं की दुरुस्तगी करने के साथ–साथ जोन कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों के बैठने व उनकी पेयजल व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा , जोन कमिश्नर सुनील तांडे , स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय तिवारी जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह , सहायक अभियंता विवेक रिछारिया, उप अभियंता प्रमोद जगत, स्वच्छता निरीक्षक उत्तम दास, विजेंद्र सिंह बघेल ,भूपेंद्र बरेठ आदि सहित निगम के अन्य कर्मचारी गण व नागरिक गण उपस्थित थे।